कक्षा – VIII विषय – हिन्दी सेट – IV

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

I निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए –

ठगा भी गया हूँ, धोखा भी खाया है, परन्तु बहुत कम स्थलों पर विश्वासघात नाम की चीज मिलती है। केवल उन्ही बातों का हिसाब रखो, जिसमें धोखा खाया है तो जीवन कष्टकर हो जाएगा, परन्तु ऐसी घटनाएँ भी बहुत कम नहीं हैं जब लोगों ने अकारण सहायता की है, निराश मन को ढाँढ़स दिया है और हिम्मत बँधाई है। कविवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने अपने प्रार्थना–गीत में भगवान से प्रार्थना की थी कि संसार में केवल नुकसान ही उठाना पड़े, धोखा ही खाना पड़े तो ऐसे अवसरों पर भी हे प्रभो! मुझे ऐसी शक्ति दो कि मैं तुम्हारे ऊपर संदेह न करूँ।

1) लेखक के जीवन में किस वस्तु की मात्रा सबसे कम है –

(A) ठगा जाना

(B) धोखा खाना

(C) विश्वासघात

(D) आशा।

2) लेखक के जीवन में किस प्रकार की घटनाएँ भी बहुत कम नहीं है, जब लोगों ने –

(A) अकारण सहायता की

(B) अकारण मन को निराशा किया

(C) हिम्मत तोड़ा

(D) धोखा दिया।

3) कविवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने किससे प्रार्थना की थी –

(A) लोगों से

(B) लेखक से

(C) दुश्मनों से

(D) भगवान से।

II प्रधानाध्यापक को तीन दिनों की छुट्टी के लिए लिखे गए इस आवेदन–पत्र के छूटे हुए अंश को भरिए, जो प्रश्न संख्या 4, 5 से 6 के रूप में क्रमांकित है –

सेवा में,

प्रधानाध्यापक महोदय,

रा.म0वि., राँची।

द्वारा – वर्ग शिक्षक

विषय – तीन दिनों की छुट्टी हेतु।

(......4........)

सविनय निवेदन है कि मैं (.......5.......) की कक्षा – आठ की छात्रा हूँ और शारीरिक अस्वस्थता के कारण दिनांक 26.11.2018 से 28.11. 2018 तक विद्यालय नहीं आ सकी।

अतः श्रीमान से विनम्र निवेदन है कि मेरी उक्त तिथियों की अनुपस्थिति माफ करने की कृपा की जाए। इस महत् कार्य हेतु मैं सदा आभारी रहूँगी।

(.......6.......) छात्रा

क ख ग

रा.म.वि. राँची

क्रमांक – 02

दिनांक 29.11.2018

4) (A) महाशय/महोदय (B) महाशया/महोदया

(C) आदरणीय (D) नमस्ते।

5) (A) गाँव (B) शहर

(C) विद्यालय (D) प्रखण्ड।

6) (A) आज्ञाकारी (B) आपकी

(C) श्रद्धेय (D) आकांक्षी।

III नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए –

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। एक स्थान पर रहते–रहते जब उसका मन ऊब जाता है, तो वह इधर–उधर घूम कर अन्य प्रदेशों की सैर करके अपना मन बहलाता है। सैर करने का अपना ही आनंद होता है। भारत प्रकृति की क्रीड़ांगन है, यही एक ऐसा देश है, जिसमें प्रकृति अपने विविध रूपों में उपस्थित है। सुरम्य पर्वतमालाओं की सैर करने का अपना अलग ही आनंद है।

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर प्रश्नसंख्या 7 एवं 8 के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए –

7) मनुष्य अपना मन बहलाने के लिए क्या करता है?

(A) एक स्थान पर निवास

(B) समाज में निवास

(C) वार्तालाप

(D) अन्य प्रदेशों की सैर।

8) भारत –

(A) प्रकृति की क्रीडांगन है (B) द्वीपों का देश है

(C) खेलों का आंगन है (D) पर्वतों का देश है।

9) 'बड़े भाई साहब' शीर्षक पाठ के अनुसार 'कनकौआ' शब्द का अर्थ है –

(A) गिल्ली डंडा

(B) काला कौआ

(C) पतंग

(D) क्रिकेट।

10) 'अपराजिता' शीर्षक पाठ के रचयिता कौन हैं ?

(A) महादेवी वर्मा

(B) शिवानी

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) प्रेमचंद।

11) विद्यालय में बाल–संसद के सभी मंत्रियों के कार्यों की देख–रेख करने का काम बाल–संसद के किस मंत्री का होता है ?

(A) शिक्षा मंत्री

(B) सफाई मंत्री

(C) खेल मंत्री

(D) प्रधानमंत्री।

12) यातायात की दुर्व्यवस्था किस पाठ की विषय वस्तु है ?

(A) क्या निराश हुआ जाए

(B) हुंडरू का जल–प्रपात

(C) बस की यात्रा

(D) पथ की पहचान।

13) बाबू रामनारायण सिंह की शिक्षा–दीक्षा की मुख्य बाधा क्या थी ?

(A) पिता की दयनीय आर्थिक स्थिति

(B) विद्यालय की कमी

(C) खेलकूद

(D) आलसीपन।

14) 'क्या निराश हुआ जाए' शीर्षक निबंध में निबंधकार के अनुसार बताये गये बुरा आचरण में शामिल नहीं है –

(A) लोभ

(B) मोह

(C) क्रोध

(D) गर्व।

15) 'अशोक का शस्त्र त्याग' शीर्षक पाठ में पद्‌मा ने अशोक को क्यों जीवित छोड़ दिया –

(A) अशोक का हृदय परिवर्त्तित हो चुका था

(B) पद्‌मा ने दया दिखाया

(C) अशोक से हार गई

(D) अशोक बचकर भाग गया।

16) 'मैं भी बहुत भयभीत था' इस वाक्य में प्रविशेषण है –

(A) मैं

(B) भी

(C) बहुत

(D) भयभीत।

17) ‘वह थी एक मजदूर‘ इस वाक्य में ‘मजदूर’ है –

(A) संज्ञा

(B) सर्वनाम

(C) क्रिया

(D) क्रिया विशेषण

18) पूर्व चलने के, बटोही

बाट की पहचान कर ले।

उपर्युक्त पंक्तियों में ‘बटोही’ शब्द का अर्थ नहीं है।

(A) यात्री

(B) मुसाफिर

(C) राही

(D) कवि।

19) ‘अस्ताचलगामी’ शब्द का अर्थ होगा –

(A) अस्त होता हुआ

(B) उगता हुआ

(C) रास्ते पर चलता हुआ

(D) अस्त नहीं होता हुआ।

20) ‘खूब फलना फूलना’ मुहावरे का अर्थ होगा–

(A) खूब फल लगना

(B) खूब फूल लगना

(C) तरक्की करना

(D) प्रसन्न रहना।

कक्षा – VIII **विषय – हिन्दी** **सेट – IV**

उत्तर :–

1 – C
2 – A
3 – D
4 – A
5 – C
6 – A
7 – D
8 – A
9 – C
10 – B
11 – D
12 – C
13 – A
14 – D
15 – A
16 – C
17 – A
18 – D
19 – A
20 – C